

शिक्षकों की पुस्तक

हर उम्र के लिए

अपने मैग्निफाईंग ग्लास (सूक्ष्म दर्शी शीशा) और गुप्त डिकोडर को ले लें क्योंकि...

यह समय... परमेश्वर के वचन में उतरने का है।

उस पहले सण्डे स्कूल के विषय को फिर से याद करना कितना उत्साहवर्धक है, जिसे मैंने कई वर्षो पूर्व लिखा था, इसी समय हमनें बच्चों की सेवकाई को आरम्भ किया था। मैक्सिको के सोनारो में, वो हमारा प्रथम वर्ष, जहाँ हम नमक के गन्द से भरे हुए एक बड़े से प्लाट में एक वाहन–घर में रहते थे। ..... जहाँ न तो कोई वृक्ष, न साफ पीने का पानी और न ही बिजली थी। लेकिन वहीं पर ये विषय वस्तुऐं जन्मी। जिस दिन मैंने इसका अन्तिम अध्याय लिखा। परमेश्वर ने मुझे बच्चों की सेवकाई के लिए निरन्तर लिखते रहने को कहा। हम इसी लिखित पाठयक्रम के साथ आरम्भ करते हैं। जो कि अब मेरी बुलाहट बन चुकी है कि मैं मसीह की देह को किफायती सामग्री उपलब्ध करा सकूं, और अगली पीढ़ी को सम्पूर्ण भक्ति सहित, यीशु के शिष्यों के रुप में तैयार कर सकूं। हमने वास्तविक लेख में कुछ परिवर्तन किये हैं : कुछ खेल, हस्तशिल्प और कुछ एक बेहतर कलाकृतियों ने ली है, परन्तु छात्रों द्वारा खोज निकालने वाले साप्ताहिक संदेश वैसे ही उन्माद से भरा है, जैसे पहली बार था। वो जो 30 कलीसियाओं से आरम्भ होकर सैंकड़ों और फिर हजारों कलीसियाओं तक पूरी दुनियां में फैल गया। मैं परमेश्वर का धन्यवाद करती हूँ, कि उसने मुझे चुनौती दी और उसे पूरा करने के लिए अग्रसर किया, और जिस बुलाहट को प्रभु ने मेरे जीवन में दिया उसकी मैं आज्ञाकारी होने के लिए धन्यवादी हूँ।

यीशु द्वारा मत्ती की पुस्तक में दिये दृष्टान्त हमेशा से मेरे मुख्य भाग रहे हैं। एक तरफ तो यह कार्य हमारे द्वारा किये कार्यों में अति साधारण हैं, परन्तु यदि आप यीशु के दृष्टान्तों के विषय में सोचें तो उनमें छिपे संदेशों में कुछ भी साधारण न था। यीशु ने भीड़ से दृष्टान्तों के स्वरुप में (पहेलियों) बातें की और लोगों को उसकी शिक्षाओं का अर्थ समझा दिया। शिक्षक होने के नाते आपका कार्य है कि छात्रों की सोच को पंख लगने दें, कि वे उड़ें और स्वयं को एक जासूस समझें। वे जल्द ही यीशु द्वारा दृष्टान्तों के अर्थ को खोज निकालेगें, जिन्हें हम आने वाले 13 सप्ताहों में अध्यन करने जा रहें हैं। जितना अधिक आप छात्रों को उनकी स्वतन्त्र सोच से खोजने देगें, वे उतना ही अधिक गहराई से प्रत्येक अध्याय को समझेगें। फिर जल्द ही वे पाठ्यक्रम मे छिपे गुप्त सन्देश को समझने पायेंगें, कि परमेश्वर का राज्य .....

आ	प	के	ह्र	द	य	में	ही	ब	सा	हु	आ	है
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

बहन क्रिस्टीना क्रॉस

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

इस पाठ्यक्रम में, ''जासूसः परमेश्वर के राज्य की छानबीन'' की जांच पडताल कर रहे हैं'' आपको अपनी कक्षा के अध्ययन को सफल बनाने हेतु कुछ एक भिन्न बातों को करना होगा ...



शिक्षकों के लिए

मुख्य पाठ और विचार शिक्षकों के लिए है ताकि कक्षा का ध्यान केंद्रित कर सके।

खेल अध्ययन द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि विश्व भर की कक्षाओं में 90 प्रतिशत छात्र बोर रहते हैं। अपने छात्रों को जागृत करने के लिए कुछ खेलों का प्रयोग करें, जिससे वे बोर न हों। खेलों की सहायता से आप अपने छात्रों को सक्रिय तो बनाये ही रखेंगें, साथ ही मुख्य विषय पर उनका ध्यान केन्द्रित करने में सहायता भी करेंगें।

दृश्य सामग्रियां यह एक मनोरंजक स्वरुप अध्याय की प्रस्तुति करने व कक्षा में छात्रों को उन वस्तुओं द्वारा रोमांचित करने का तरीका है, जिन्हें प्रत्येक सप्ताह आप अपने घर से लाते हैं।

प्रश्न यह प्रश्न बड़े बच्चों के लिए उपलब्ध कराया गया है, जो इस बात को सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि वे दृष्टांतों के अर्थ को समझ रहे हैं।

उत्तर छात्रों की पुस्तकों में प्रत्येक अध्याय के उत्तर, पृष्ठ के दायें हाथ की ओर दिये गये हैं।

गुप्त संदेश और हल करने की कुन्जी



प्रत्येक सप्ताह छात्र पुस्तिकाओं में एक गुप्त सन्देश है, जिसे अध्याय में प्रयोग किया गया है। छात्र की पुस्तकों के पिछले पृष्ठ पर (केवल बड़े छात्रों के लिए) गुप्त शब्द को जानने की कुन्जी दी गई है। पुस्तक के पीछे से एक कैंची की सहायता द्वारा उस सहायक कुन्जी को काट लें, और फिर उसे प्रत्येक अध्याय के लिए सभी 13 सप्ताहों तक प्रयोग करें। हमारा सुझाव इन्हें जोड़ने वाले कागज पर एक साथ लगाने या इन्हें लेमीनेट करने का है, जिससे ये 3 महीने तक सही बने रहें। इन्हें अपने छात्रों के घर न भेंजें, इन्हें कलीसिया में ही रखें, जिससे यह प्रत्येक सप्ताह आपके पास उपलब्ध रहे। गुप्त सन्देश को खोजने के लिए तीर को उस आकृति की ओर दिखायें जिसको आप खोज रहे हैं (दायीं ओर दिये उदाहरण को देखें) आपकी पुस्तक में दिया गया तीर उत्तर की ओर संकेत कर रहा है।

गुप्त संदेश

प्रत्येक पाठ के प्रत्येक पृष्ट में एक अक्षर छिपा है, जब बच्चे एक बार अक्षर ढूंढ ले तो फिर उन्हें अपनी कुन्जी से उसे हल करना हैं, और फिर पुस्तक के प्रथम पृष्ठ पर जाकर उसे उससे सम्बन्धित खाने में लिखें। प्रत्येक सप्ताह वे गुप्त वाक्य में एक अक्षर जोड़ेगें, ऐसा करके वह 13 सप्ताह (तीन माह) में उत्तर को पा लेंगें ..... ''आपके हृदय में ही बसा हुआ है''।

छात्र किताबें

छात्रों की पुस्तकें शिक्षकों के लिए छात्रों के ध्यान को बाँधने और कक्षा को और मनोरंजक बनाने का शस्त्र (जरिया) है।

निम्नलिखित गतिविधियां पुस्तकों में दी गई हैं :

- बाइबल अंश – हमनें बाइबल के अंश को पुस्तकों में ही छाप दिया है, जिससे एक साथ कक्षा में बाइबल पढ़ सकें।
- याद करने की आयत –
- पहेली सुलझाना –

- गुप्त सन्देश (बड़े छात्रों के लिए) – प्रत्येक सप्ताह गुप्त सन्देश का पता लगाने के लिए, दिये निर्देशों का पालन करें, और यह पक्का कर लें कि प्रत्येक छात्र के पास एक गुप्त सन्देश को पाने की कुन्जी है।
- मत्ती को पढ़ें (बड़े छात्रों के लिए) – यह एक अतिरिक्त कार्यक्रम है, कि आप अपने छात्रों को और अधिक बाइबल पढ़ने का प्रशिक्षण दें। प्रत्येक सप्ताह मत्ती की पुस्तक को 2–3 अध्यायों में बांटा गया है , इसीलिए यदि वह बाइबल के दिये गृह कार्य को पढ़ते हैं तो 13 सप्ताह में मत्ती की सम्पूर्ण पुस्तक को इस पाठयक्रमानुसार पूरा कर सकते हैं। एक शिक्षक होने के नाते यह आप पर निर्भर करता है कि आप इस पढ़ने के कार्यक्रम में कितना ध्यान देकर उन्हें इसमें कितना सफल देखना चाहते हैं ?

काटें और चिपकायें

बच्चों को स्टीकर बहुत अच्छे लगते हैं। छोटे बच्चों के लिए हमने प्रत्येक सप्ताह एक स्टीकर को काट कर उनकी पाठ्य पुस्तक में चिपकाने का कार्य दिया है। छात्र दिये बिन्दुओं के मध्य में स्टीकर को चिपकायें और फिर चित्र में रंग भरे।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

जासूस परमेश्वर के राज्य की छानबीन

1

पदचिन्ह 1



बीज बोनेवाला

बाइबल पद्यांश

जो अच्छी भूमि में बोया गया, यह वह है, जो वचन को सुनकर समझता है, और फल लाता है कोई सौ गुना, कोई साठ गुना, कोई तीस गुना। मत्ती 13:23

2

पदचिन्ह 2

जंगली पौधे

बाइबल पद्यांश

मनुष्य का पुत्र अपने स्वर्गदूतों को भेजेगा, और वे उसके राज्य में से सब ठोकर के कारणों को और कुकर्म करनेवालों को इकट्ठा करेंगे। उस समय धर्मी अपने पिता के राज्य में सूर्य की नाई चमकेंगे। मत्ती 13:41, 43

3

पदचिन्ह 3

राई का दाना

बाइबल पद्यांश

कि स्वर्ग का राज्य राई के एक दाने के समान है; वह सब बीजों से छोटा तो है पर जब बढ़ जाता है तब सब साग पात से बड़ा होता है; और ऐसा पेड़ हो जाता है। मत्ती 13:31ब–32अ

4

पदचिन्ह 4



खमीर

बाइबल पद्यांश

कि स्वर्ग का राज्य खमीर के समान है जिस को किसी स्त्री ने लेकर तीन पसेरी आटे में मिला दिया और होते होते वह सब खमीर हो गया। मत्ती 13:33ब

5

पदचिन्ह 5



गुप्त खज़ाना और मोती

बाइबल पद्यांश

फिर स्वर्ग का राज्य एक व्योपारी के समान है जो अच्छे मोतियों की खोज में था। जब उसे एक बहुमूल्य मोती मिला तो उस ने जाकर अपना सब कुछ बेच डाला और उसे मोल ले लिया। मत्ती 13:45–46

6

पदचिन्ह 6

खोई हुई भेड़

बाइबल पद्यांश

ऐसा ही तुम्हारे पिता की जो स्वर्ग में है यह इच्छा नहीं, कि इन छोटों में से एक भी नाश हो। मत्ती 18:14

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

7

पदचिन्ह 7

निर्दयी सेवक

बाइबल पद्यांश

तू ने जो मुझ से बिनती की, तो मैं ने तो तेरा वह पूरा कर्ज क्षमा किया। सो जैसा मैं ने तुझ पर दया की, वैसे ही क्या तुझे भी अपने संगी दास पर दया करना नहीं चाहिए था? मत्ती 18:32ब–33

8

पदचिन्ह 8



मज़दूर

बाइबल पद्यांश

वह पहिले होंगे, और जो पहिले हैं, वे पिछले होंगे। मत्ती 20:16

9

पदचिन्ह 9

दो पुत्र

बाइबल पद्यांश

क्योंकि यूहन्ना धर्म के मार्ग से तुम्हारे पास आया, और तुम ने उस की प्रतीति न की: पर महसूल लेनेवालों और वेश्याओं ने उस की प्रतीति की: और तुम यह देखकर पीछे भी न पछताए कि उस की प्रतीति कर लेते। मत्ती 21:32

10

पदचिन्ह 10

किसान

बाइबल पद्यांश

इसलिये मैं तुम से कहता हूं, कि परमेश्वर का राज्य तुम से ले लिया जाएगा; और ऐसी जाति को जो उसका फल लाए, दिया जाएगा। मत्ती 21:43

11

पदचिन्ह 11

विवाह भोज

बाइबल पद्यांश

इसलिये चौराहों में जाओ, और जितने लोग तुम्हें मिलें, सब को ब्याह के भोज में बुला लाओ। सो उन दासों ने सड़कों पर जाकर क्या बुरे, क्या भले, जितने मिले, सब को इकट्ठे किया; और ब्याह का घर जेवनहारों से भर गया। मत्ती 22:9–10

12

पदचिन्ह 12

दस कुंवारियां

बाइबल पद्यांश

इसलिये जागते रहो, क्योंकि तुम न उस दिन को जानते हो, न उस घड़ी को। मत्ती 25:13

13

पदचिन्ह 13



सोने के सिक्के

बाइबल पद्यांश

धन्य है अच्छे और विश्वासयोग्य दास, तू थोड़े में विश्वासयोग्य रहा; मैं तुझे बहुत वस्तुओं का अधिकारी बनाऊंगा अपने स्वामी के आनन्द में सम्भागी हो। मत्ती 25:21ब

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

बीज बोनेवाला

बाइबल पद्यांश: मत्ती 13:3-23

याद करो: *जो अच्छी भूमि में बोया गया, यह वह है, जो वचन को सुनकर समझता है, और फल लाता है कोई सौ गुना, कोई साठ गुना, कोई तीस गुना। मत्ती 13:23*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन - मत्ती 2
उन्नत - मत्ती 1-3

आपकी कक्षा सारणी

- आपकी कक्षा को आरम्भ करने हेतु दृश्य सामग्रियां
- मुख्य अध्याय कहानी बतायें, उसे नाटय रुप दें, याद करने की आयत को भी इसमें शमिल करें, याद करने की आयत याद करने में उनकी सहायता करें।
- खेल द्वारा याद करने की आयत को दोहरायें
- छात्र पुस्तकें
- गुप्त सन्देश (बड़े छात्रों के लिए) और स्टीकर (छोटे छात्रों के लिए)
- बाइबल पढ़ने का गृह कार्य

खेल

आवश्यक सामग्रियां

धागे, प्लेटें।

खेल की तैयारी

एक लाईन को बनाने में धागे का प्रयोग करें, कि वो कहीं भी जाये। लाईन जहॉ आरम्भ हो वहीं पर खत्म हो। दस–दस बच्चों की एक–एक लाईन बनायें।

खेल का निर्देशन करें

1. प्रत्येक समूह के आरम्भ में दस बच्चों से अधिक न हों। प्रत्येक लाईन में खड़े पहले बच्चे को दो प्लेटें दें। बच्चों को प्लेटों पर खड़ा होने दें।
2. आपके इशारे पर पहला बच्चा लाईन के चारों ओर चले, जबकि उसके दोनों पॉव प्लेटों में ही रहें। जब वह चक्कर लगाकर अपने स्थान पर आ जाये, फिर अगला बच्चा अपनी बारी आरम्भ करे। जब तक सबकी बारी न आ जाये इसी प्रकार खेल चलता रहता है ।

विकल्प :

1. जब कुछ बच्चों की बारी हो जाये, तो धागे की लाईन बदल दें।
2. खेल के मध्य आवश्यकतानुसार नई प्लेटें दें।
3. प्रत्येक बाइबल पद को अलग तख्ती/कागज पर छापें या लिखें। तख्ती पर लिखे शब्द मिला–जुला कर एक लाईन में सजायें। बच्चे लाईन में आगे बढ़ते हुए लिखे पद के शब्दों में से एक उठा लें और फिर उन्हें नियमित रुप से सजा/लगा दें।

मुख्य पाठ

यह पद विभिन्न प्रकार के लोगों के विषय में चर्चा करता है, जिन्होंने परमेश्वर के राज्य के विषय प्रतिक्रिया करते हैं। चाह बाइबल का सन्देश सर्वदा एक ही रहा है, परन्तु प्रत्येक व्यक्ति का प्रतिक्रिया भिन्न ही है। यीशु इस अध्याय में कुछ देर बाद इस दृष्टान्त का अर्थ समझाते हैं। वे चिड़िया जो सड़क से बीज को उठा ले जाती हैं, वे शैतान का प्रतिरुप हैं। पथरीली भूमि उन लोगों को प्रस्तुत करती है जिनके पास जड़े नही, वे वचन को आनन्द के साथ ग्रहण तो करते हैं, परन्तु वो उनके जीवनों में देर तक बना नही रहता। कटीली झाड़ियां इस संसार के जीवन और पैसे की चिन्ताऐं है जो परमेश्वर के संदेश को दबा देती हैं। अतः अच्छी भूमि एक ऐसे आदमी को प्रस्तुत करती है जो वचन सुनता और उसे समझता है। ये आपके जीवन में अच्छी वस्तुओं को उत्पन्न कर सकता है, जोकि आपके उगाये जाने से 30, 60 और 100 गुना फल लाता है। अब ऐसा जीवन तो एक सफल जीवन होगा। आप में से कितने मुकाबला करना पसन्द करेंगें ? अच्छा आप को यहाँ एक अवसर है, परमेश्वर चाहता है कि आप परमेश्वर के राज्य के विषय के शब्दों को सुने और समझें। इस कड़ी में हम विभिन्न दृष्टान्तों का अध्ययन करेगें , जिन्हें यीशु ने स्वर्ग के राज्य के विषय में बोला है। आज के दिन आप के लिए चुनौती है कि आप हृदय को सुनने और समझने के लिए तैयार करें। आप के लिए चुनौती अपने हृदय को अच्छी मिट्टी करके तैयार करें, जो परमेश्वर के वचन तुरन्त ग्रहण करने को तैयार हों। हम कैसे अच्छी भूमि बन सकते हैं ? केवल दृष्टान्त पर ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें कि आप भूमि में अच्छे से रोपे गये हैं (सुनिश्चित करें कि आप शिक्षा को समझ रहे हैं), सुनिश्चित करें कि आप की जड़ें गहराई में उतरी हों (जब समस्या आये तो अपनी राय न बदल दें, परन्तु सदृढ़ता से डटे रहें) और यह भी सुनिश्चित कर लें कि आप कटीली झाड़ियों से दबके न रह जायें (अपने स्वयं के जीवन को इस जीवन व धन की चिन्ताओं से बोझिल न होने दें) इस तरह से आप अपने जीवन में परिणामों को लाने के लिए तैयार हो जायेगें। परमेश्वर चाहता है कि हम सब के पास आत्मिक फल हो, लेकिन आपकी फसल कैसी होगी ? जो आपने बोया है क्या आप उससे 30, 60 और 100 गुना बढ़ कर पाना चाहेंगें ?

दृश्य सामग्रियां

जीवन एक टेप रिकार्डर की तरह है। जिन बातों को आप देखते और सुनते हैं वे वहीं हैं जो आपके जीवन से होकर आती हैं।
बच्चों की आवाजों को टेप या अपने फोन से रिकार्ड कर लें और फिर उन्हें सुनने के लिए चला दें। बच्चों को बता दें कि हम सब इस आवाज की तरह हैं, और हम सबको सचेत रहना चाहिए कि हम क्या सुनते और किन्हें अपने जीवनों में आने देते हैं।

प्रश्न

इस दृष्टान्त में भूमि किसको प्रस्तुत करती है ? *(हृदय)*

वो एक क्या बात है, जो आपके जीवन की उपलब्धियों पर रोक लगा सकती है ? *(जीवन और धन के विषय की चिन्ताऐं।)*

जो भी समय और धन आप प्रभु के लिए देते हैं उससे भी बढ़कर आपको क्या करने की आवश्यकता है कि आपको 30, 60 और 100 गुना सफलता मिले? *(अपने हृदय का ध्यान कर, उसे अच्छी मिट्टी बनाये रखना।)*

अच्छी मिट्टी होने के लिए आपको सर्वप्रथम क्या करने की आवश्यकता है? *(वास्तव में बाइबल की शिक्षाओं को समझना)*

परमेश्वर के विषयों में प्रतियोगी होना क्या ही अच्छा है ? *(हॉ बाइबल आत्मिक बातों को विशेष बताती है। यह कहती है कि हम एक दौड़ में भागी हैं और यह हमें विजयी होने के लिए प्रोत्साहित करती है। 1 कुरि0 9:24–27)*

आपके हृदय की मिट्टी अच्छी बनाने की जिम्मेदारी किसकी है ? *(आपकी)*

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

उत्तर

उन्नत

गुप्त संदेश

मैं						
अ	प	ने				
दि	ल					
का						

मैं | अ प ने | दि ल | का

ध या न | र खूं गां | ता कि

प र मे श व र का | बी ज

मु झ में | ब ढ़ | स के

शब्द ढूंढ़ों

कि	सा	न	ब	ग	पौ	धों	अ	इ	द	उ	प	ए
ग	ब	अ	बो	ना	इ	अ	द	सु	उ	ए	छी	क
म	त	भू	त	ज	फ	व	च	न	ि	ह	ी	र
कां	ल	मि	न	प	स	म	झ	ना	र	ा	स	म
टों	व	च	क	फ	ल	त	ज	ल	न	सू	प	व
ह	छ	म	ि	घु	ट	इ	द	उ	ए	र	च	मा
अ	च्छा	ी	दि	ल	उ	ब	क	ि	बी	ज	ब	र्ग
र	ा	ब	अ	इ	द	ढ़ी	ह	ी	र	ा	स	य

→ ❖ आ

याद करो : (सरल, मध्यम, कठिन **)**

जो अच्छी भूमि में बोया गया, यह वह है, जो वचन को सुनकर समझता है, और फल लाता है।

मत्ती 13:23

कठिन

गुप्त संदेश

मैं | अ प ने

दि ल | का | ध या न

र खूं गा

शब्द ढूंढ़ों

ब	द	उ	ि	ह	ी	बी
अ	इ	ए	क	सु	र	ज
कां	टों	ा	स	न	र	ड़
म	त	न	बो	ना	ि	क
ज	ल	प	र	ा	ह	ध
मा	र्ग	व	ी	ग	ए	ण
ब	अ	स	इ	द	उ	ए

मध्यम

शब्द ढूंढ़ों

ब	द	उ	ि	ह	ी	बी
अ	इ	ए	क	सु	र	ज
कां	टों	ा	स	न	र	ड़
म	त	न	बो	ना	ि	क
ज	ल	प	र	ा	ह	ध
मा	र्ग	व	ी	ग	ए	ण
ब	अ	स	इ	द	उ	ए



सरल

1

विद्यार्थियों को इस हफ्ते के स्टीकर काट कर अपने अध्ययन पाठ पर लगाने दें जहाँ बिन्दुओं से रेखा खीची गई है। उसके बाद उनसे उस पूरे पन्ने में रंग भरवाएँ।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

खेल

आवश्यक सामग्रियां

बाइबल, बड़े तौलिये, गेंदें

खेल का निर्देशन करें

1. बच्चों को पाँच–पाँच के समूह में बाँट दें। प्रत्येक समूह को एक तौलिया और गेंद दे दें।
2. प्रत्येक समूह से चार छात्र लें, जो एक तौलिया के चार कोने पकड़ें, समूह का एक अन्य सदस्य विपरीत दिशा से गेंद को तौलिया पकड़े छात्रों की ओर फेंकेगा। यदि तौलिया पकड़े हुए छात्र गेंद तौलिया में लपक लें तो गेंद फेंकने वाले छात्र अपने स्थान को तौलिया पकड़े छात्र से बदल ले और फिर वो छात्र जो पहले तौलिया पकड़े हुए था अब गेंद फेंके, जिससे दूसरी तरफ खड़े छात्र गेंद को तौलिया में लपक लें।
3. बच्चे गेंद फेंकने और गेंद लपकने के मध्य अपने स्थान को बदलते रहें और गिनते रहें कि किस समूह ने गेंद तौलिया में कितनी बार लपकी है। जब भी कोई समूह गेंद लपकता है, वो ''अच्छे बीज'' का एक अक्षर कमा लेता है। जो भी समूह पहले 9 बार गेंद लपक लेगा (वाक्य ''अच्छे बीज'' को पूरा करेगा) वो चिल्लाये ''अब'' हो गया।



विकल्प

1. यदि सम्भव हो तो बाहर खुले में खेलें।
2. बच्चे की आयु अनुसार गेंद फेंकने की दूरी बदल दें।
3. जिस समूह में पॉच से अधिक बच्चें हों वे गेंद फेंकने वाले बच्चे के पीछे लाईन लगाकर अपनी बारी आने पर गेंद फेंकें।

जंगली पौधे

बाइबल पद्यांश: मत्ती 13:24-30

याद करो : *मनुष्य का पुत्र अपने स्वर्गदूतों को भेजेगा, और वे उसके राज्य में से सब ठोकर के कारणों को और कुकर्म करनेवालों को इकट्ठा करेंगे। उस समय धर्मी अपने पिता के राज्य में सूर्य की नाई चमकेंगे। मत्ती 13:41, 43*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन - मत्ती 4
उन्नत - मत्ती 4-6

मुख्य पाठ

यीशु स्वयं इसी अध्याय में आगे जंगली पौधों का दृष्टान्त एक अच्छे तरीके से समझा देते हैं। वह बताते हैं कि इस दृष्टान्त में सब लोग उपस्थित है। (मत्ती 13:37–39)

यह दृष्टान्त हमें यह याद दिलाता है कि संसार में बुरे लोग हैं, आप और मैं, सदैव अपने चारों ओर बुरी चीजों को होते हुए देखते हैं। हम अन्य बच्चों को परीक्षा के समय स्कूल में नकल करते देखते हैं, हम दोस्तों को कलीसिया या चर्च तक में झूठ बोलते हुए देखते हैं, और हम कुछ लोगों को वो सब पाने के लिए (जो उन्हें चाहिये) अन्यों को निरन्तर धकेलते हुए देखते हैं, और जबकि लोग गलत करते जा रहे हैं और न तो, वे पकड़े जाते और न ही दण्ड पाते है, ऐसा देखने में बहुत ही परेशानी होती है। इस दृष्टान्त में सबसे अच्छी खबर यह है, कि परमेश्वर इन सब के ऊपर अधिकारी है, और वो सब कुछ देख रहा है। वो बच्चा जो परीक्षा में नकल करता और बिना पकड़े किसी दण्ड को नही पाता, तो वो सदैव के लिए यह सब करने हेतु नही छूट गया। यीशु हमें दिखाते हैं कि वो सब को अच्छा और बुरा करने का अवसर एक साथ देता है, और बुरा करने के लिए ताड़ना (दण्ड) बाद में आती है। इसलिए हम धैर्य रखें, क्योंकि प्रभु सब कुछ देख रहा है, और वह हमारे कार्यों के अनुसार हमें प्रतिफल देगा। परमेश्वर अच्छे से जानता है कि आप गेंहू की बाली हैं या खरपतवार।

दृश्य सामग्रियां

गुब्बारे को उड़ाने वाली गैस से भरकर एक धागे से बांध लें। गुब्बारे को एक नाम दें। एक कमरे में उसे छोड़ दें और छत तक जाने दें, उदाहरण के लिए बच्चों से कहें कि ''अमित'' भाग गया। बच्चों को बताऐं कि हम सभी कभी–कभी कुछ न कुछ गलत करते हैं, जैसे यह गुब्बारा, परन्तु प्रभु हमें अपनी ओर खींचता है।(गुब्बारे के धागे को खींचे), फिर दोबारा गुब्बारे को छोड़ दें और वहीं छोड़ दें। बच्चों से पूछें कि क्या परमेश्वर हमें छोड़ देगा ? इसका उत्तर है नही।

प्रश्न

किसी एक व्यक्ति का उदाहरण दें, जिसे आपने पिछले सप्ताह कुछ गलत करते देखा और वो पकड़ा भी नही गया। फिर किसी ऐसे व्यक्ति का उदाहरण दें जो गलती करते हुए पकड़े जाने के बाद भी दण्ड नही पाता। वो अपने किये का दण्ड कब पायेंगें ? *(दुनिया के अन्त में)* दुनिया का अन्त क्या है ? *(बाइबल हमें बताती है कि हम इस दुनिया में कुछ ही समय के लिए हैं और फिर यीशु दुनिया के अन्त में आयेगा और सब बातों का न्याय करेगा।)*

क्या दूसरों के पापों पर उंगली उठाना हमारा कार्य है ? *(नही, हमें दूसरों के पापों के साथ क्या करना है, यह तो प्रभु का काम है।)*

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

उत्तर

उन्नत

गुप्त संदेश

मुझे समझना है
कि केवल परमेश्वर ही
अच्छे और बुरे की भिन्नता
देख सकता है और वह अन्त
में न्याय स्थापित करेगा

⓪ प

याद करो : (सरल, मध्यम, कठिन)
मनुष्य का पुत्र अपने स्वर्गदूतों को भेजेगा, और वे उसके राज्य में से सब ठोकर के कारणों और कुकर्म करनेवालों को इकट्ठा करेंगे। मत्ती 13:41

ब	अ	इ	क	ड्डा	त	ज	ल	न	बी	ज
श	इ	द	ट	इ	द	उ	ए	बो	त	ज
त्रु	उ	ए	नी	ब	अ	खीं	च	ना	ल	न
ह	यी	क	ख	त्ते	क	ि	ह	ी	र	ा
ी	षु	ि	जं	ग	ली	क	पौ	धें	ए	अ
र	ा	म	त	सो	ल	न	प	ब	अ	च्छा
स्व	उ	खा	ड़	ना	ज	ब	ढ़	ना	इ	द
र्ग	ल	न	प	दा	सों	म	त	गे	हूँ	उ

कठिन

ब	अ	बी	ज	उ	अ	ए
क	ट	नी	इ	द	च	ण
क	ब	ी	ख	य	छा	गे
ि	ढ़	र	त्ते	म	ज	हूँ
ह	ना	ा	स	त	ल	न
जं	ग	ली		पौ	धें	स्व
क	ि	ह	ी	र	ा	र्ग

गुप्त संदेश

केवल परमेश्वर
ही अच्छे
और बुरे की
भिन्नता देख
सकत है

मध्यम

ब	अ	बी	ज	उ	अ	ए
क	ट	नी	इ	द	च	ण
क	ब	ी	ख	य	छा	गे
ि	ढ़	र	त्ते	म	ज	हूँ
ह	ना	ा	स	त	ल	न
जं	ग	ली		पौ	धें	स्व
क	ि	ह	ी	र	ा	र्ग

सरल

विद्यार्थियों को इस हफ्ते के स्टीकर काट कर अपने अध्ययन पाठ पर लगाने दें जहाँ बिन्दुओं से रेखा खीची गई है। उसके बाद उनसे उस पूरे पन्ने में रंग भरवाएँ।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

राई का दाना

बाइबल पद्यांश: मत्ती 13:31-32

याद करो : *स्वर्ग का राज्य राई के एक दाने के समान है; वह सब बीजों से छोटा तो है पर जब बढ़ जाता है तब सब साग पात से बड़ा होता है; और ऐसा पेड़ हो जाता है। मत्ती 13:31ब–32अ*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन- मत्ती 5
उन्नत - मत्ती 7-9

मुख्य पाठ

इस दृष्टान्त में यीशु ने परमेश्वर के राज्य की तुलना एक बहुत ही छोटे बीज से की है। जो इतना विराट हो, उसकी तुलना इतनी छोटी वस्तु से की जा सकती है ? जब यीशु का जन्म हुआ, तो लोग मसीहा के आगमन की बाट एक महान राजा के रुप में जोह रहे थे। जो घोड़े पर सवार होकर बहुत से नौकरों के साथ आयेगा। उन्होनें सोचा कि मसीह आकर उनके देश को अपने अधिकार में कर लेगा। इसकी बजाय वह तो एक दिन शिशु के रुप में आ गया। उसका जन्म अच्छे अस्पताल या एक अच्छे कीमती महल में होने की अपेक्षा जानवरों के चारा खाने के स्थान (चरनी) में ही हुआ। जब चेलों ने यीशु के पीछे चलना आरम्भ किया होगा, तो अवश्य सोचा होगा कि बहुत से चेले होगें, परन्तु केवल 12 चेले थे, जिन्होनें गरीबी में अपना जीवन बिताया। आपका चर्च आपके शहर और कस्बे से कितना बड़ा है ? कभी तुलना की?

बहुत से स्थानों पर, मसीही कलीसियाऐं बहुत छोटे समूह में कुछ लोगों के साथ आरम्भ होती है, जहॉ कुछ लोग सार्वजनिक रुप से कहते हैं कि वे ''मसीह'' हैं, जो एक सच्चे परमेश्वर को मानते हैं।

आपकी कलीसिया की संख्या आपको निराश न करे, आपकी कलीसिया भी यीशु मसीह की देह का भाग है (जिसमें विश्व की सारी कलीसियाऐं भागी हैं)। यह बढ़ती जायेंगीं, फिर एक दिन विशाल वृक्ष बन जायेगा और सब देखेंगें कि यीशु मसीह ही सिर्फ मार्ग, सत्य और जीवन है। यहॉ तक कि, वे जो आपके स्कूल में जो विश्वास नही करते हैं, एक दिन वे भी परमेश्वर के राज्य के सत्य को देखेंगे। अभी वे देख नही सकते, क्योंकि प्रभु ने इसे बहुत ही सूक्ष्म रुप से आरम्भ करने का निर्णय लिया है, जैसे राई का दाना। परन्तु एक दिन आपके प्रत्येक शहर, कस्बे और राज्य व देश और सारे स्कूल के बच्चे देखेंगे कि यीशु ही प्रभु है।

दृश्य सामग्रियां

एक कैमरा और कुछ पारिवारिक फोटो लें। जबकि आप परिवार के बारे में बात कर रहें हैं, उसी समय बच्चों को (छपी या कैमरे से उतरी) फोटो दिखाएं कि फोटो कितनी अच्छी लग रही हैं। उनसे पूछें कि हम किन वस्तुओं की तस्वीरें ले सकते हैं ? और किनकी तस्वीरें नही ले सकते ? (जैसे वायु, परमेश्वर, प्रेम इत्यादि)। अपने छात्रों को बतायें कि बहुत सी वस्तुऐं होती तो हैं, जिन्हें हम देख नही सकते हैं, परन्तु वे बहुत विशेष होती हैं।

प्रश्न

इस्राएली लोग क्या सोचते थे कि मसीह कैसे आयेगा ? *(एक महान राजा के रुप में जिसके बहुत सेवक होगें)*। अपने समय के एक महान राजा के रुप में, बहुत से शोर–गुल, झांकियों और तुरहियों के साथ उत्सव करते हुए आयेगा।

इस दृष्टान्त में राई का दाना किस को प्रस्तुत करता है ? *(स्वर्ग के राज्य को)*

परमेश्वर का राज्य क्या है ? *(यह तो स्वयं परमेश्वर के साथ का आत्मिक संसार है और सारी दुनिया के मसीह उसके नागरिक हैं)*

आपके स्कूल में कितने मसीही हैं ? और आपके स्कूल में कुल कितने बच्चे हैं ? अन्त में कितने देखेंगें कि यीशु मसीह प्रभु है ? *(प्रत्येक)*

खेल

आवश्यक सामग्रियां

बड़े कागज, मार्कर, सिक्के, कागज–पेन्सिल।

खेल का निर्देशन करें

1. बच्चों को 3 से 4 के समूह में बाँट दें। समूह को कागज के चारों ओर एक–एक मीटर की दूरी पर बैठा दें। प्रत्येक समूह को एक सिक्का, एक कागज और एक पेन्सिल दे दें।
2. अपने दिमाग में 30 से ऊपर के एक अंक को चुन लें। एक बार में एक बच्चा इस कागज पर सिक्का फेंके। प्रत्येक फेंका गया सिक्का अंक प्राप्त करेगा, लेकिन अंक इस पर आधारित होगा कि सिक्का वृक्ष पर आधारित होगा। प्रत्येक समूह से एक बच्चा अपने प्राप्त अंको का लेखा रखे और प्रत्येक अंक प्राप्ति पर कुल अंको को जोर से कहे।
3. बच्चों को कह दें कि वे खेल रोक दें। जब वह उस अंक पर पहुंच जायें जो आपने अपने मन में सोचा था । आप अपने द्वारा चुने अंक को उन्हें बता दें, और उस अंक के सबसे नजदीक पहुचने वाला समूह विजेता होगा। विजयी समूह का खिलाड़ी अन्य लोगों को बताएगा कि किस प्रकार प्रभु का राज्य उन सब बातों से भिन्न है, जिन्हें हम सोचते हैं। जब तक समय हो खेल को खेलें, प्रत्येक बार भिन्न अंक को अपने मन में चुने।

विकल्प

1. अब उन्हें सिक्को की जगह भारी कागज के टुकड़ों को फेंकने के लिए दें।
2. बड़े बच्चों के लिए, संख्याओं के स्थान पर एक वाक्य के अक्षरों को लिखें जैसे ''राई का दाना'' जिसे वृक्ष के प्रत्येक भाग में लिखें। जो पहला समूह वृक्ष के प्रत्येक भाग में एक सिक्का पहुँचा देगा वो अन्यों को बताएगा कि किस प्रकार परमेश्वर हमें अपनी महानता दिखाता है।
3. छोटे बच्चों के लिए, एक वैसा ही वृक्ष बनाएं, और छोटे अंको का प्रयोग करें। 10–20 तक के किसी अंक को चुने।



www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

उत्तर

उन्नत
गुप्त संदेश

मु झे या द क र ना है
कि पे र म श व र के
सा थ छो टे ची ज
भी ब डे हो ते हैं

➡ ⇦ क

याद करो : (सरल, मध्यम, कठिन)

स्वर्ग का राज्य राई के एक दाने के समान है, वह सब बीजों से छोटा तो है पर जब बढ़ जाता है तब सब साग पात से बड़ा होता है।

मत्ती 13:31ब–32अ

भूलभुलैया



कठिन
गुप्त संदेश

प र मे श व र के
सा थ छो टे ची ज
भी ब ड़े हो ते हैं

भूलभुलैया



मध्यम
भूलभुलैया



सरल

3

विद्यार्थियों को इस हफ्ते के स्टीकर काट कर अपने अध्ययन पाठ पर लगाने दें जहाँ बिन्दुओं से रेखा खीची गई है। उसके बाद उनसे उस पूरे पन्ने में रंग भरवाएँ।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

खमीर

बाइबल पद्यांश: मत्ती 13:33-35

याद करो : *स्वर्ग का राज्य खमीर के समान है जिस को किसी स्त्री ने लेकर तीन पसेरी आटे में मिला दिया और होते होते वह सब खमीर हो गया। मत्ती 13:33ब*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन - मत्ती 6
उन्नत - मत्ती 10-12

मुख्य पाठ

खमीर एक बहुत छोटे से बीज के समान है, लेकिन इसे आटे में थोड़ा सा ही मिलाने भर से स्वादिष्ट रोटी बना सकते हैं। यह हम में परमेश्वर के वचन को प्रस्तुत करता है। यह हम में बहुत ही सूक्ष्म रुप से आरम्भ होता है, और यदि हम इसे स्वयं में जगह दें, तो ये बढ़ता और हमारे जीवन में भर जाता है। खमीर आटे में स्वंय बढ़ने के लिए कार्यशील होता और एक अच्छी रोटी को बना देता है। परमेश्वर का राज्य भी हमारे भीतर हृदय में कार्य करना आरम्भ करता है। यह कुछ ऐसा है कि आप बाहर प्रयोग नही कर सकते, जैसे कि वस्त्र, चित्र या किसी भी वस्तु की आकृति। परमेश्वर का राज्य आपके भीतर है और वह आपके भीतर विस्तार पाएगा, जबकि आप परमेश्वर को स्वयं में कार्यशील होने दें।



दृश्य सामग्रियां

एक जूस के पॉउडर (जैसे रसना) के पैकट को खमीर स्वरुप प्रयोग करें और एक बड़े पात्र में पानी लें जो आँटे को प्रस्तुत करे। फिर इसे मिला लें, जिससे बच्चे आसानी से समझ सकेगें कि किस तरह थोड़े से जूस पॉउडर से पानी एक रंगीन जूस में बदल जाता है।

प्रश्न

परमेश्वर से परिपूर्ण (भरे) जीवन को कौन चाहता है ? (उन्हें सोच कर उत्तर देने का समय दें।)
इसे किस प्रकार पूरा किया जा सकता है ? *(अपने जीवन में परमेश्वर की छोटी –छोटी बातों को आने दें, जिससे ये बड़े आकार को ले लें।)*
वे बातें जो यीशु ने दृष्टान्तों द्वारा समझाई, कब से छिपी थीं ? *(दुनिया के आरम्भ से)*

आपके छात्रों को यह परवाह नहीं होगी कि आप क्या जानते हैं जब तक कि उन्हें यह न लगे कि आप उनकी परवाह करते हैं

अतिरिक्त विचार

आप एक सफेद सिरके से भरा पारदर्शी ग्लास भी प्रयोग कर सकते हैं। एक पर्ची पर ''खमीर'' लिखकर उस ग्लास पर चिपका दें। एक अन्य साफ पात्र में खाने का सोडा डालें और उस पर लिख दें ''आटा''। ध्यान रहें कि बच्चों को उन वस्तुओं की जानकारी न हो। (जिससे उनकी रुचि व उत्साह कम न हो) फिर देखें कि क्या होता है ? ''आपके छात्र इस बात की परवाह नही करते कि आप कितना कुछ जानते हैं, जब तक कि वह यह नही जान लेते कि आप उसके विषय में गम्भीर हैं।''

खेल

आवश्यक सामग्रियां

बड़े गुब्बारे (कम से कम प्रत्येक बच्चे के लिए दो–दो गुब्बारे)

खेल का निर्देशन करें

1. प्रत्येक बच्चे को एक गुब्बारा दें, कि वो उसे थोड़ा फुला के गाँठ बांध दें। प्रत्येक समूह में अधिक से अधिक 6 बच्चे एक गोले के आकार में बैठे। उन्हे थोड़े कम फूले गुब्बारे पर बैठने को कहे, जबकि आप ने प्रत्येक समूह को एक अतिरिक्त गुब्बारा दिया हैं (जिसमें अच्छे से हवा भरी और गाँठ लगाई गई है)
2. प्रत्येक समूह में बैठे बच्चे गेंद को तेजी से अपने चक्र में 10 बार घुमायें, याद रहें कि यह करते समय उनके नीचे रखा गुब्बारा नही फूटना चाहिए। यदि गुब्बारा जमीन पर लग जाये या एक गुब्बारा फूट जाए, तो आवश्यकतानुसार उन्हें नया गुब्बारा दें और दोबारा से शुरु करें।
3. बहुत बार खेले जाने के बाद सभी समूह देखें कि कौन सा समूह अधिक समय तक गुब्बारे को हवा में रख पाया है ? जो समूह जीतेगा, उसे ''दृष्टान्त'' शब्द का एक अक्षर दिया जायेगा। इसे जब तक खेलें जब तक एक समूह ''दृष्टान्त'' के सभी अक्षरों को न पा ले या आप का समय समाप्त न हो जाए।

विकल्प :

1. गुब्बारों पर बैठे बिना खेलें।
2. खेल को और कठिन बनाने के लिए, प्रत्येक समूह को एक और गुब्बारा हवा में उछालते रहने को कहें। बच्चे खेल खेलते समय बाइबल के पद के शब्दों को भी कह सकते हैं। फिर अपने हाथों के प्रयोग के बदले वे अपने सिर, कोहनी और पाँव आदि का प्रयोग कर सकते हैं।
3. जमीन पर एक रेखा खीचें और वॉलीबाल जैसे खेल खेलें। दो समूह रेखा के एक इधर और एक उधर, और वॉलीबाल के नियमानुसार खेलें।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

उत्तर

उन्नत

गुप्त संदेश

➔ ■ ह

मु	झे		स	म	झ	ना		है

कि		प	र	मे	श्व	र	के		रा	ज्य

में		बूं	द		बूं	द		से		घ	ड़ा

भ	र	ता		है

याद करो : (सरल, मध्यम, कठिन **)**
स्वर्ग का राज्य खमीर के समान है जिस को किसी स्त्री ने लेकर तीन पसेरी आटे में मिला दिया और होते होते वह सब खमीर हो गया। मत्ती 13:33ब

शब्द ढूंढ़ों

ब	अ	इ	द	उ	भ	वि	ष्य	व	क्त	ता
रा	ज	य	क	ि	ह	यी	षु	ी	र	ा
क	ि	ह	ी	र	आ	ब	अ	इ	मि	ब
ज	स्व	व	र्ग	म	टा	द	उ	ए	श्रि	अ
ल	त्री	न	प	व	च	दृ	श	टां	त	इ
भी	ब	द	आ	उ	ए	ण	क	ि	ह	द
ड	अ	इ	टा	र	ा	ग	ख	सु	शि	ट
अ	छु	पा	ि	ह	ी	ए	मी	ा	म	त
इ	द	प	र	मे	श	व	र	मुं	ह	ज
ब	उ	ए	ण	म	त	ज	ल	न	प	ल

कठिन

गुप्त संदेश

बूं	द		बूं	द

से		घ	ड़ा

भ	र	ता		है

शब्द ढूंढ़ों

ब	स	त्री	ब	अ	आ	टा
अ	व	इ	द	उ	ए	ण
इ	र्ग	क	ि	ह	ी	दृ
द	ण	र	ा	स	य	ष्ठ
उ	क	रा	ज	य	व	टां
ए	ि	ह	ी	र	ा	त
लो	ई	त	ज	ल	न	प

मध्यम

शब्द ढूंढ़ों

ब	स	त्री	ब	अ	आ	टा
अ	व	इ	द	उ	ए	ण
इ	र्ग	क	ि	ह	ी	दृ
द	ण	र	ा	स	य	ष्ठ
उ	क	रा	ज	य	व	टां
ए	ि	ह	ी	र	ा	त
आ	टा	त	ज	ल	न	प

सरल

4

विद्यार्थियों को इस हफ्ते के स्टीकर काट कर अपने अध्ययन पाठ पर लगाने दें जहाँ बिन्दुओं से रेखा खीची गई है। उसके बाद उनसे उस पूरे पन्ने में रंग भरवाएँ।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

गुप्त खज़ाना और मोती

बाइबल पद्यांश: मत्ती 13:44-46

याद करो : *फिर स्वर्ग का राज्य एक व्योपारी के समान है जो अच्छे मोतियों की खोज में था। जब उसे एक बहुमूल्य मोती मिला तो उस ने जाकर अपना सब कुछ बेच डाला और उसे मोल ले लिया। मत्ती 13:45–46*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन - मत्ती 7
उन्नत - मत्ती 13-14

मुख्य पाठ

ये दोनों कहानियां उन मनुष्यों के विषय चर्चा करती हैं, जिन्होनें कुछ बहुमूल्य वस्तु पा ली थीं। वह व्यक्ति जिसे यह धन मिला उसने उस भूमि में कीमत को पहचाना, जो अन्यों ने नही देखा था। वह उस वस्तु के लिए जिसकी कीमत उसकी (धन–संपत्ति) के कुल मूल्य से भी अधिक थी, अपना सब कुछ बेचने को तैयार था। एक अन्य व्यक्ति ने एक अत्याधिक मूल्य का मोती पा लिया और उसे पता था कि उसका जीवन उस बहुमूल्य मोती के साथ किसी भी अन्य वस्तु से बेहतर होगा। यह हमें स्वर्गीय राज्य के महान मूल्य को दिखाता है।

परमेश्वर के राज्य में आपने और मैनें पृथ्वी में पाए जाने वाले किसी भी खजाने से बढ़कर महान खजाना पा लिया है। जिसे प्राप्त करने के लिए हमें सबकुछ खो देने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। एक बहुत ही ज्ञानी जिम ईलियट, लिखते हैं कि ''वह कोई नासमझ व्यक्ति नही जो उस वस्तु को जिसे वह रख नही सकता उसे खो कर, उस वस्तु को प्राप्त कर ले जिसे वह कभी खो नही सकता। ''समस्या है कि हर जगह हम लोगों को वह सब करते हुए देखते हैं, जो उन्हें भौतिक वस्तुओं को प्राप्त करा सके, जोकि एक समय खो जानी हैं, वे अनन्त जीवन पाने की रुचि नही रखते। संसार हमेशा ही उसके विपरीत बातों को देखता (चाहता) है, जिन्हें हमने आज के दृष्टान्त में सीखा। उस बात पर विश्वास करना बहुत ही कठिन होता है, जब आपके आस–पास के सभी लोग उस पर विश्वास नही करते। इसी कारण आपको इसे गुप्त खजाना करके देखना चाहिए। आपके आस–पास कोई नही देखता। लेकिन परमेश्वर हमें स्मरण दिलाता है कि हमें सबकुछ बेचकर, स्वर्ग के राज्य को प्राप्त करना उचित है।

दृश्य सामग्रियां



पत्र या ई–मेल – बच्चों से पूछें कि आप में से कितनों ने ई–मेल या पत्र प्राप्त किया या इन्टरनेट पर अपने मित्रों से बात की है ? उनसे कहें कि प्रभु से एक ई–मेल प्राप्त करना कितना अद्भुत होगा। बच्चों को बतायें कि तुम्हारे पास भी परमेश्वर से पत्र आया है। उनके लिए बाइबल में से कुछ पढ़ दें। (कुछ भी पढ़ दें), फिर उन्हें बतायें कि बाइबल परमेश्वर की ओर से हमें लिखा गया एक पत्र है, और हम उसे एक खजाने के रुप में प्राप्त कर सकते हैं।

प्रश्न

जो भी कुछ आपके पास है उस सब को खो देना क्यों उचित है ? *(क्योंकि कुछ भी हो अन्त में आप सब कुछ खो देगें।)* सब कुछ खोते हुए परमेश्वर के राज्य को पा लेना क्यों समझदारी की बात है ? *(क्योंकि इसकी कीमत सबसे बढ़कर है, और इसे हमसे कोई छीन नही सकता।)* वह कौन सी दो विपरीत बातें हैं, जो बाइबल हमें दिखाती है ? *(परमेश्वर का राज्य और संसार की समझ।)*

खेल

आवश्यक सामग्रियां

बाइबल, छोटे सिक्के, प्लास्टिक की थैलियां।

खेल की तैयारी

खेल के स्थान पर कम से कम दो सिक्के छिपा दें।

खेल का निर्देशन करें

बच्चों को दो–दो के समूह में बॉट दें। उन्हें एक गुप्त शब्द चुनने दें दें, जिसे वे स्वयं के लिए ही प्रयोग करें (तीन बार तालियां बजाना, विशेष शब्द को पुकारना, सीटी बजाना या फिर चिल्लाना इत्यादि।) दो में से एक खजाना खोजता है, और दूसरा दीवार के साथ थैली लेकर प्रतीक्षा करता है। जब शिक्षक कहता है शुरू करा, तो पहला बच्चा खोजना आरम्भ करता है, जब उसे सिक्का मिल जाता है, तो वह उसे ले नही सकता, परन्तु वहे गुप्त शब्द की सहायता से अपने दूसरे साथी को बुलाता है, जब दूसरा बच्चा आ कर सिक्के को खोज लेता है तब वह उसे प्लास्टिक में डाल देता है। खेल को तब तक जारी रखें जब तक प्रत्येक छात्र को एक–एक सिक्का न मिल जाए। फिर खेल को दोबारा आरम्भ करे, जब बच्चे एक दूसरे के कार्य को बदल लें।

विकल्प

1. बच्चों को सिक्के गिनने दें, जिससे वह जान सकें कि कौन विजेता है। विजयी समूह को बुलाकर पद पढ़ने या अध्याय से कुछ पढ़ने को कहें।
2. असली सिक्कों के स्थान पर चॉकलेट के सिक्कों का प्रयोग करें।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

उत्तर

बच्चों के साथ काम करने का अनंत मूल्य है

बच्चों को परमेश्वर के मार्ग में चलने के लिये प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी हमारी है

उन्नत

गुप्त संदेश

| मु | झे | | स | म | झ | ना | | है |

→ ■ द

| कि | | म | सी | ह | | के |

| लि | ए | | स | ब | | कु | छ | | छो | ड़ | ना |

| फा | य | दे | म | न्द | | है |

याद करो : (सरल, मध्यम, कठिन)

जब उसे एक बहुमूल्य मोती मिला तो उस ने जाकर अपना सब कुछ बेच डाला और उसे मोल ले लिया।। मत्ती 13:46

गुप्त शब्द

कठिन

गुप्त संदेश

| म | सी | ह | | के |

| लि | ए | | स | ब |

| कु | छ | | छो | ड़ | ना |

| फा | य | दे | म | न्द | | है |

गुप्त शब्द

मध्यम

गुप्त शब्द

सरल

5





विद्यार्थियों को इस हफ्ते के स्टीकर काट कर अपने अध्ययन पाठ पर लगाने दें जहाँ बिन्दुओं से रेखा खीची गई है। उसके बाद उनसे उस पूरे पन्ने में रंग भरवाएँ।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

खेल

आवश्यक सामग्रियां

कैंची, धागा, नापने के लिए कुछ

खेल की तैयारी

धागे अलग–अलग लम्बाई में काट लें, जोकि 20 से 100 से0मी0 के हों, और एक बच्चे के लिए कम से कम 3 धागे लें। अब उन धागों को कक्षा या खेल के स्थान पर छिपा दें।

खेल का निर्देशन करें

1. बच्चों को 3 या 4 के समूहों में बॉट दें।
2. जब शिक्षक कहे तभी बच्चे छिपें, धागों को खोजना आरम्भ कर दें। प्रत्येक समूह अपने खोजे हुए धागों को जोड़कर एक लम्बा धागा बनाये।
3. सब धागों को खोजकर जोड़ने के बाद नापें कि किस समूह का धागा सबसे लम्बा है।

विकल्प:

1. इस खेल को सम्भवतः बाहर अधिक से अधिक बड़े क्षेत्र में खेलें।
2. हर समूह के 1 से 2 बच्चे केवल धागे को बांधने के लिए रखें, जो धागे न खोजे, केवल धागे जोड़े, अन्य सिर्फ खोजें।
3. खेल के अंत में बच्चों को उनके लम्बे धागे द्वारा, पाठ में से किसी एक शब्द को बनाने के लिए कहें।

खोई हुई भेड़

बाइबल पद्यांश: मत्ती 18:10-14

याद करो : *ऐसा ही तुम्हारे पिता की जो स्वर्ग में है यह इच्छा नहीं, कि इन छोटों में से एक भी नाश हो। मत्ती 18:14*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन - मत्ती 8
उन्नत - मत्ती 15-16

मुख्य पाठ

हम इस दृष्टान्त में देखते हैं कि परमेश्वर के समक्ष प्रत्येक व्यक्ति का मूल्य है। हम में से प्रत्येक विशिष्ट है, इसी कारण यदि हम खोये हुए हैं, तो प्रभु सभी को छोड़ हमें ढूढंने आता है। परन्तु पद 10 और 14 भी उन्हें ''छोटा'' कहकर सम्बोधित करता है, और बहुत से कहते हैं कि ये बच्चों के लिए लिखा गया है। परमेश्वर बच्चों से बहुत अधिक प्रेम करता व उनके विषय चिन्ता भी करता है, इसीलिए हमें भी उन्हें मूल्यवान जानना है। यह आवश्यक है कि हम जानवरों को कम न आंकें। प्रभु ने अपने चेलों से जो प्रौढ़ (बड़े) थे, कहा कि छोटे बच्चों की तरह बनें। क्या आप विश्वास करते हैं कि यह परमेश्वर के लिए भी महत्वपूर्ण बात है, कि हम अन्यों जैसे छोटे या अपने से कम अच्छे व सुन्दर लोगों को कम या छोटा करके न सोचें ? यह भी महत्वपूर्ण है कि जो आत्मिक रुप से खोए हुए है, उनकी भी सुधि लें, जैसे कि वे लोग जो गलतियां करते है, जैसा कि प्रभु या अपने माता–पिता से बातें छिपाना, चर्च जाना छोड़ देना या फिर झूठ बोलना आरम्भ करना। हम प्रभु के लिए महत्वपूर्ण हैं, विशेषकर जब हम उससे दूर चले जाते हैं। हम सभी परमेश्वर के लिए विशिष्ट हैं।

दृश्य सामग्रियां

वर्ग पहेली (PUZZLE) – बच्चों से पूछिए कि क्या उन्हें वर्ग पहेली (PUZZLE) का खेल पसंद है ? उन्हें एक हल किया हुआ पहेली दिखाऐं, जिसमें एक हिस्सा गायब हो, लेकिन उस एक हिस्से को (कक्षा या उस स्थान पर कहीं छिपा दें), अब आप उनसे पूछिए कि क्या कोई भी हिस्सा अन्य हिस्सों से महत्वपूर्ण है ? (नही) उस खाली स्थान को किसी अन्य हिस्से से भर दीजिए। (यह तो अच्छा नही लगेगा), अब बच्चों से खोए हुए हिस्से को खोजने को कहिए। उन्हें अवश्य बतायें कि हम में से प्रत्येक परमेश्वर के समक्ष विशेष है।

प्रश्न

यदि आप परमेश्वर को छोड़ दें, तो वह क्या करेगा? *(वह जा कर आपको खोजेगा)*

परमेश्वर किनको विशिष्ट महत्व देता है ? *(छोटों को)*

आपके आस–पास जो लोग आपसे छोटे हैं, परमेश्वर के लिए कौन अधिक महत्वपूर्ण है ? *(प्रत्येक)*।

आप अपने छोटे भाई–बहनों की किस प्रकार सहायता कर सकते हैं ? *(उनका गृह कार्य (HW) कराके, उनके कपड़े बदल के, उन्हें सड़क पार करा के, उनके लिए खाना लाकर देने के द्वारा इत्यादि)* इस दृष्टान्त में लोगों को किसकी उपमा देकर प्रस्तुत किया गया है ? *(भेड़ की)*

आपकी कक्षा के किसी भी बच्चे को खोना मत।

www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

उत्तर

जासूस

परमेश्वर के राज्य की छान-बीन

उन्नत

गुप्त संदेश

मुझे याद करना है कि
मैं परमेश्वर के लिए
अत्यन्त महत्वपूर्ण हूं → य

याद करो : (सरल, मध्यम, कठिन)



तुम्हारे पिता की जो स्वर्ग में है यह इच्छा नहीं, कि इन छोटों में से एक भी नाश हो। मत्ती 18:14





भूलभुलैया

कठिन

गुप्त संदेश

मैं परमेश्वर के लिए
अत्यन्त महत्वपूर्ण हूं

भूलभुलैया

मध्यम

भूलभुलैया

6

सरल

विद्यार्थियों को इस हफ्ते के स्टीकर काट कर अपने अध्ययन पाठ पर लगाने दें जहाँ बिन्दुओं से रेखा खीची गई है। उसके बाद उनसे उस पूरे पन्ने में रंग भरवाएँ।

निर्दयी सेवक

बाइबल पद्यांश: मत्ती *18:21-35*

याद करो : *तू ने जो मुझ से बिनती की, तो मैं ने तो तेरा वह पूरा कर्ज क्षमा किया। सो जैसा मैं ने तुझ पर दया की, वैसे ही क्या तुझे भी अपने संगी दास पर दया करना नहीं चाहिए था? मत्ती 18:32ब–33*

पढ़ने का गृह कार्य: कठिन - मत्ती 12
उन्नत - मत्ती 17-18

मुख्य पाठ

